पुणना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal


# Class –III

# HINDI

# Specimen Copy

# Year- 2020-21

Class –III


रिमझिम - 3
तीसरी कक्षा के लिए हिंदी की पाठ्यपुस्तक

# पाठ -१

# कक्कु

लेखक : राजेन्द्र धोड़पकर

कविता : नाम है उसका ------------------- उसका कक्क ।( लेखक के नाम के साथ)

भावार्थ : इस कविता मे कवि एक बच्चे के बारे मे बता रहे है क्यों कि वह बच्चा कोयल की तरह है एक दम मासुम । वह दिन भर रोता रहता है, इसलिए लोग उसे चिढ़ाते हैं ।

उसकी बोली कोयल की तरह मिठी है, वह तो थोड़ी देर मे भड़क जाता है या तो थोड़ी देर मे मजाक उड़ाने लगता हैं इसलिए लोग उसका नाम बदल देते है ।

जो हर बात मे गाना गाता है हर बात मे मुँह फुला लेता है उसको गाना भी गाना नही आता, वह बहुत झगड़ालु भी है,इसलिए हर बार सब उसका नाम बदल देते हैं ।

## १ :कठिन शब्द



१ : कक्कु  २ : चिढ़  ३ : झगड़ाल
४ : फुलाए  ५ : भड़क  ६ : कोयल
७ : मिसरी  ८ ज्यों-ज्यो

## २ : शब्दार्थ



१: कक्कु - एक पक्षी का नाम
२: चिढ़ाना- किसी की बात पर रूठ जाना
३: भड़क - गुस्सा करना
४: झगड़ालु - झगडा करने वाला
५: ठिठोली - मजाक उडाना
६: तनिक - थोड़ा सा
७: मिसरी- शक्कर की गोली
८: दिनभर- पूरा दिन
९: बात-बात- हरेक बात
१०: मुँह फूलाना- गुस्सा होना

## ३ :अतिलघु- प्रश्न :

१: कक्कू दिनभर क्या करता हैं ?
उत्तर : कक्कू दिनभर सोता हैं ।
२ : कोयल की बोली कैसी होती हैं ?
उत्तर : कोयल की बोली मीठी हैं ।
३ कक्कू से ठिठोली करने पर वह क्या करता हैं ?
उत्तर : कक्कू से ठिठोली करने पर वह भड़कता हैं ।
४ कक्कू को लोग किस - किस नाम से पुकारते हैं ?
उत्तर : कक्कू को लोग सक्कू,भक्कू और झक्कू के नाम से पुकारते हैं।

## ४ : लघु- प्रश्न :

१ कक्क का अर्थ है ?
उत्तर : कक्कु का अर्थ कोयल है ।
२ सभी कक्कु को चिढ़ाते है ?
उत्तर : क्यो कि वह दिन भर रोता रहता है ।
३ कक्कु को कभी-कभी भक्कु कहकर क्यों पुकारा जाता हैं ?
उत्तर : क्यों कि कभी- कभी वह भड़कता है इसलिए उसे भक्कू पुकारा जाता हैं ।
४ कक्कू और कोयल के स्वभाव में क्या - क्या अंतर हैं ?
उत्तर : कक्कू स्वभाव से झगडांलु है और कोयल स्वभाव से शांत हैं ।
५ कक्कू को झक्क ू कहना क्यों उचित हैं ?
उत्तर : क्यों कि वह झगडा़लु हैं इसलिए झक्कू कहाना उचित हैं ।

## ५ :दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१ : कक्कू को झगडालू क्यों कहा जाता हैं ?
उत्तर : कक्कू बात - बात मे चिढ़ जाता है और हर बात ने मुहं फुला लेता है इसलिए उसे झगडालूं कहा जाता हैं ।


# व्याकरण

प्रश्न :मात्रा किसे कहते हैं ?

उत्तर : स्वर के चिह्नों को मात्रा कहते हैं ।

स्वर ११ होते हैं ।

व्यंजन ३३ होते हैं ।




हर व्यंजन स्वर से मिला होता है।

नीचे दिए गए शब्दों में कुछ मात्राएँ छूट गई हैं। सही वर्णो पर मात्रा लगाकर शब्दों को पुनः लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पत्री | पुत्री | लखक | लेखक | म-ता | माता |
| -मत्र | मित्र | द-व-र | दीवार | त-त- | तोता |
| च-हय | चुहिया | -सह | सिंह | न-कर | नौकर |
| ऋ-ष | ऋषि | ख-र | खीर | सब | सेब |
| क-र | कार | कबतर | कबूतर | त-ल-ब | तालाब |

# लेखन विभाग

## मेरा प्रिय पक्षी - तोता



- मेरा प्रिय पक्षी तोता है।
- तोता एक बहुत सुन्दर पक्षी है।
- इसके पंख हरे रंग के होते हैं।
- इसकी लाल रंग की चोंच होती है।
- इसकी चोंच मुड़ी हुई होती है।
- तोते की गरदन पर काले रंग के वृत्त होते हैं।
- कुल मिलाकर यह एक बेहद आकर्षक पक्षी होता है।
- तोता दाने, फल, पत्ते, बीज, आम एवं उबले चावल इत्यादि खाता है।
- तोता बोलने वाला पक्षी है।
- तोता मनुष्य की भार्षा बोल सकता है।
- तोता लगभग सभी गर्म देशों में पाया जाता है।
- तोता सामान्यत: पेड़ों मे बिल में रहता है।
- कुछ लोग तोते को पिंजरे में बंद कर रखते हैं जो कदापि उचित नहीं है।
- कुछ लोग तोते को अद्भुत kayo. के लिए प्रशिक्षित भी करते हैं।

* प्रवृतिः अपने प्रिय पक्षी तोते का चित्र बनाइए और उसमें ससससरंग भरिए–



# पाठ- २ शेखीबाज़स मक्खी

लेखक :योगेश जोशी

## १ :कठिन शब्द

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ जंगल | २ मक्खी | ३ मुश्किल | ४ गुस्सा | ५ भाषा |
| ६ बबूला | ७ सूँड | ८ मुस्कुराने | ९ मकड़ी | १0 ज्यों-ज्यो |

## २ : शब्दार्थ

१: जंगल- वन
२: मुश्किल - कठिन
३: गुस्सा- क्रोध
४: आग बबूला होना - अत्यधिक गुस्सा होना
५: जवाब - उत्तर
६: हिम्मत - हौंसला
७: विशालकाय - बहुत बड़ा
८: ऊब जाना - मन भर जाना
९: प्रणाम -नमस्कार
१0: कोशिश - प्रयत्तन
११: पंजा -चगुल ,नखुन
१२: बहस -झगड़ा ,वाद-विवाद







## ३ :अतिलघु प्रश्न-उत्तर

१ जंगल में कौन आराम कर रहा था ?

उत्तर : जंगल में शेर आराम कर रहा था



२ हाथी ने किसको प्रणाम किया ?

उत्तर : हाथी ने मक्खी को प्रणाम किया

३ मक्खी को देखकर लोमड़ी ने क्या किया ?

उत्तर : मक्खी को देखकर लोमडी मुस्कुराने लगी

४ जाला किसने बनाया था ?

उत्तरः जाला मकड़ी ने बनाया था ।

५ मक्खी को जाल मे किसने फँसाया ?

उत्तर : मक्खी को जाल मे लोमड़ी ने फँसाया ।

## ४:लघु प्रश्न - उत्तर

१: शेर को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर :शेर को गुस्सा आया क्यों कि मक्खी शेर के कान के पास भिन-भिन कर रही थी ।

२: मक्खी ने किसे और किस प्रकार ललकारा?

उत्तरः मक्खी ने शेर और हाथी को गुस्से से ललकारा।

३: शेर मक्खी को क्यों न मार सका?

उत्तरः क्योंकि मक्खी कभी कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी।

४: शेर ने ऊबकर मक्खी से क्या कहा?

उत्तरः शेर ने ऊबकर मक्खी से कहा मक्खी बहन अब मुझे छोड़ दो मैं हारा और तुम जीती।

५ः मक्खी को घमंड क्यों हो गया था?

उत्तर ःमक्खी को घमंड आया था, क्योंकि उसने जंगल के राजा शेर को हराया था।

६ः हाथी ने मक्खी की कौन -सीकौम ळसी बात मानी थी और क्यों?

उत्तर ः हाथी ने मक्खीको प्रणाम करने की बात मानी थी, क्योंकि मक्खी के साथ समय बर्बाद नहीं करना चाहता था?

७ः मक्खी ने स्वयं को सबसे बलशाली मानते हुए लोमडी़ से क्या कहा?

उत्तरः मक्खी ने स्वयं का ेसबसे बलशाली मानत हुए लोमडी़ से कहा मुझे प्रणाम कर।

८ः लोमडी़ ने मक्खी का घमंड किस प्रकार चूर किया?

उत्तरः लोमडी़ ने मक्खी को जाल में फँसाकर उसका घमंड तोडा।

## ५ :दीर्घ प्रश्न उत्तर

१ शेर ने मक्खी पर पंजा क्यों उठाया?

उत्तरः शर को बेहुत मुशकिल से नींद आई थी तभी एक मक्खी आकर उसके कान के पास भिन-भिन करने लगी तब शेर कि नींद खुल गयी इसी वजह से शेर को गुस्सा आया तब शेर ने पंजा उठाया ।

२ शेर क्यों ऊब गया ?

उत्तरःशेर ऊब गया क्योंकि मक्खी कभी शेर के कान पर ,कभी गाल पर ,कभी नाक पर, कभी गर्दन पर बैठकर उड़ जाती थी,शेर पंजा मारता रहा और खुद को घायल करता जाता मक्खी फट से उड़ जाती इस वजह से शेर ऊब गया ।

३ :लोमडी़ ने मक्खी का घमंड कैसे चुर किया ?

उत्तर :लोमड़ी ने मक्खी से कहा कि मक्खी रानी तुम तो धन्य हो,आपका जीवन धन्य है, आपके माता-पिता धन्य है,लेकिन वह मकड़ी आप को गाली दे रही है,जरा उसकी खबर लो,और उसको जाल मे फँसा दिया ।

# ६ : व्याकरण

प्रश्न : संज्ञा किसे कहते हैं ?

उत्तर :किसी वस्तु,व्यकित,स्थान,प्राणी,भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं ।

* नीचे कुछ संज्ञा शब्द दिए गए हैं

| व्यकितयों के नाम | पशु-पक्षियों के नाम | वस्तुओं के नाम | स्थानों के नाम |
|---|---|---|---|
| बित्तो | खरगोश | बोतल | गाँव |
| किसान | घोड़ा | किताब | मैदान |
| पिता | कोयल | करेला | सड़क |
| धोबी | शेर | जूता | खेत |
| डाक्टँर | गोंरैया | शीशा | नदी |
| नाई | बिल्ली | छतरी | बगीचा |

स्वाध्याय :निम्नलिखित वाक्यों नें संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए ।

१:यहाँ गंगा बहती है ।

२:गीता पवित्र ग्रंथ है ।

३:राम जाता है ।

४: शेर जंगल में रहता है ।

५:आम का पेड़ बहुत बड़ा है ।

# ७ :लेखन-विभाग

पत्र लेखन : नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई-पत्र लिखिए ।

**36,** बी करोल बाग,
नई दिल्ली.

**13** जनवरी **, 2016**
प्रिय राजन,
सस्नेह नमस्ते,
आज सुबह अखबार पढ़कर बड़ी खुशी हुई ।राज्य स्तर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में तुम्हारे प्रथम आने की सूचना पढ़ते ही मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई।

तुम्हारी मेहनत और लगन को देखकर मुझे पहले से विश्वास था कि नृत्य मैं तुम्हे कोई टक्कर नहीं दे सकता हैं ।इस महान उपलब्धि के पीछे गुरुजी का योगदान सर्वोपरि है ।

आशा करता हूँ कि आगे भी तुम जीवन के हर क्षेत्र में इसी प्रकार सफल होते जाओगे ।

तुम्हारा मित्र
विमल

प्रवृति : मक्खी का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए।

